# PLACEMENT CELL ACTIVITIES 2023-24

| SR. NO | DATE | ACTIVITY | RESOURCE PERSON | NO. OF STUDENTS | PICTURE |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4-10-23 | FUTURE BUSINESS SHARK 2.0 | MS. ADITI SHARMA AND MR. RAJESH INDORIA,<br>BULLS EYE CHANDIGARH. | 80 | <br>**राजकीय महाविद्यालय कालका मे फ्यूचर बिजनेस शार्क 2.0 का हुआ आयोजन**<br>हरियाणा सन्ध्या टाइम्स, कालका (चन्दरकान्त शर्मा)। राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या कामना के मार्गदर्शन में काफ्यूचर बिजनेस शार्क 2.0 का आयोजन किया गयामना के नेतृत्व में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ और प्लेसमेंट सेल के संयुक्त प्रयास द्वारा फ्यूचर बिजनेस शार्क 2.0 का आयोजन किया गया जिसमें हिटबुलस आईस चंडीगढ़ की टीम की अदिति शर्मा और प्रभारी राजेश इंदौरिया द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि एक सफल बिजनेसमैन बनने के लिए किन-किन योग्यताओं का होना जरूरी है। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉक्टर सुरेश ने बताया कि स्टार्टअपस के लिए विद्यार्थियों में जोश और जुनून का होना आवश्यक है। इस कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को उपहार दिए गए। प्रस्तुत कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट सेल की प्रभारी सुनीता चौहान, डॉ राजीव और उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की सदस्या डॉक्टर सरिता और डॉक्टर शीतल के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। |
| 2. | 5-10-23 | WORKSHOP ON BEAUTY & SKINCARE AND JOB PROSPECTS & CAREER OPPORTUNITIES IN THIS FIELD. | CENTRE MANAGER, ORANE INTERNATIONAL SCHOOL OF BEAUTY & WELLNESS ,<br>KALKA HARYANA | 90 | <br>**राजकीय महाविद्यालय कालका में प्लेसमैंट सैल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**<br>कालका, 6 अक्तूबर (ललित धीमान): राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या के नेतृत्व में प्लेसमैंट सेल के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में कालका स्थित औरेन इंटरनेशनल स्कूल ओफ ब्यूटी एंड वैलनेस के द्वारा विद्यार्थियों को मेकअप करना सिखाया गया। कार्यशाला के अंतर्गत सेंटर हैड कीर्ति कला, मेकअप इंस्ट्रक्टर तनु, स्क्रीन इंस्ट्रक्टर श्वेता ने विद्यार्थियों को त्वचा के अनुसार मेकअप करना सिखाया। केंद्र हैड कीर्ति कला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें संतुलित भोजन खाना चाहिए और ज्यादा पानी पीना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को दिनचर्या में अपनी त्वचा की देखभाल करने के तरीके बताएं। सेंटर हैड कीर्ति कला ने बताया कि फैशन और सौंदर्य की दुनिया हमेशा एक चुंबकीय और ग्लैमरस करियर पथ है जिसे कोई भी चुन सकता है। सौंदर्य उद्योग में नेल आर्ट, ब्राइडल मेकअप, सौंदर्य उपचार, हेयर स्टाइलिंग, हेयर ड्रेसिंग और भी बहुत कुछ जैसे सौंदर्य उद्योग हैं। जिन्हें सीख कर हम अपना करियर भी बना सकते हैं। ओरिएंट इंटरनेशनल स्कूल का ब्यूटी एंड वैलनेस के बिजनेस डिवैलपमैंट ऑफिसर सुखविंदर सिंह और परमिंदर का भी प्रस्तुत कार्यशाला को सफल बनाने में योगदान रहा। यह कार्यक्रम प्लेसमैंट सेल की प्रभारी प्रो. सुनीता चौहान, सह प्रभारी प्रो. डॉ. बिंदु, प्रो. डॉ. गीतांजलि, प्रो. डॉ. राजीव, प्रो. डॉ. कविता, प्रो. डॉ. इंदु, प्रो. नवनीत नैंसी, प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. सोनिया जस्सल के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया।<br>प्लेसमैंट सैल द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में भाग लेते हुए विद्यार्थी। (छाया : ललित धीमान) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3. | 17-10-2023 | EXTENSION LECTURE ON “JOB PROSPECTS AND CAREER OPPORTUNITIES AFTER GRADUATION IN HISTORY” | SH. RAKESH KUMAR SHARMA, ASSOCIATE PROFESSOR , DEPARTMENT OF HISTORY , GOVT. COLLEGE SARASWATI NAGAR, YAMUNA NAGAR | 120 | **राजकीय महाविद्यालय कालका में प्लेसमेंट सेल की ओर से व्याख्यान आयोजित**<br><br>कालका (जगमार्ग न्यूज)। राजकीय महाविद्यालय कालका के कार्यवाहक प्राचार्य गुलशन कुमार के कुशल नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल की ओर से एक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर राकेश शर्मा ने इतिहास विषय में रोजगार के अवसर और संभावनाएं विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की इतिहास में डिग्री लेने के बाद विद्यार्थी सिविल सर्विस, पत्रकारिता, प्रकाशन, म्यूजियम, लाइब्रेरी, टीचिंग आदि क्षेत्र में जा सकते हैं। इतिहास सिविल सर्विस के लिए एक उत्तम विषय माना जाता है। इतिहास विषय में ग्रेजुएशन करने के बाद विद्यार्थी पीजी, एमफिल और पीएचडी भी कर सकते हैं। वह आर्कियोलॉजी, म्यूजियोलॉजी और आर्काइवल स्टडीज में स्पेशलाइजेशन भी कर सकते हैं। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक लेने वाले विद्यार्थियों को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रस्तुत कार्यक्रम प्लेसमेंट सेल की प्रभारी प्रोफेसर सुनीता चौहान, सह प्रभारी प्रोफेसर डॉ बिंदु, प्रोफेसर डॉ कविता, प्रोफेसर डॉक्टर इंदु, प्रोफेसर डॉक्टर नवनीत नैंसी, प्रोफेसर डॉ राजीव के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। |
| 4. | 20-10-23 | ONE DAY E-KARMA TRAINING PROGRAMME ON COMPUTER GRAPHICS AND WEB DESIGNING | MR. MAYUR RANA MARKETING MANAGER, E-KARMA CENTRE. | 90 | **राजकीय महाविद्यालय कालका में प्लेसमेंट सेल की ओर से व्याख्यान आयोजित**<br><br>कालका (जगमार्ग न्यूज)। राजकीय महाविद्यालय कालका के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर गुलशन कुमार के कुशल नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल की ओर से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत ई करमा ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत मयूर राणा मार्केटिंग मैनेजर ने विद्यार्थियों को कंप्यूटर ग्राफिक्स और वेब डिजाइनिंग जैसे कोर्सेज राजकीय महाविद्यालय पंचकूला सेक्टर 1 में बिना किसी खर्चे के करने के विषय में बताया। मार्केटिंग मैनेजर मयूर राणा ने बताया की हरियाणा की ई करमा योजना के अंतर्गत 4 से 6 महीने के लिए फ्री ट्रेनिंग अभ्यर्थियों को प्रदान की जाएगी। इस ट्रेनिंग में खास तौर से संचार कौशल, बिल्डिंग स्केल तथा तकनीकी कौशल सिखाए जाएंगे। ई करमा योजना के अंतर्गत आवेदन करने के लिए हरियाणा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। यह भी जरूरी है की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच हो। ई करमा ट्रेनिंग प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के अंतर्गत छात्रों को ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी जिसके माध्यम से वह अपनी कमाई शुरू कर पाएंगे। इस कमाई से छात्र अपनी पढ़ाई भी फाइनेंस कर पाएंगे और प्रदेश में बेरोजगारी की दर भी नीचे आएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ट्रेनिंग के बाद सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा। ट्रेनिंग पूरा होने के बाद फ्रीलांसिंग पोर्टल से छात्र कमाई कर सकता है। इस योजना के अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन देने वाले अभ्यर्थियों का कॉलेज में पंजीकृत होना अनिवार्य है। प्रस्तुत कार्यक्रम प्लेसमेंट सेल की प्रभार प्रोफेसर सुनीता चौहान, सह प्रभारी प्रोफेसर डॉ बिंदु और सदस्य प्रोफेसर डॉक्टर कविता, प्रोफेसर डॉक्टर इंदु, प्रोफेसर डॉ गुरप्रीत कौर, प्रोफेसर डॉ नीरू शर्मा, प्रोफेसर इना, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ राजीव कुमार और डॉक्टर सोनिया जस्सल के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5. | 30.10.23 | EXTENSION LECTURE ON "JOB PROSPECTS AND CAREER OPPORTUNITIES AFTER GRADUATION IN ECONOMICS" | DR. DHARAM PAL, ASSISTANT PROFESSOR IN ECONOMICS, ICDEOL, HIMACHAL PRADESH UNIVERSITY, SHIMLA. | 110 | <br>जागृति लहर<br>निर्भीक एवं निष्पक्ष<br>JAGRATI LAHAR<br>youtube/c/jagratilehar www.facebook.com/jagratilehar 81462-00161, 98154-82954<br>**अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार के अवसर और संभावनाएं विषय पर व्याख्यान आयोजित**<br>चंडीगढ़, 4 अक्टूबर (जागृति लहर ब्यूरो)। राजकीय महाविद्यालय कालका में डॉक्टर धर्मपाल असिस्टेंट प्रोफेसर हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार के अवसर और संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया था। डॉक्टर धर्मपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थशास्त्र एक ऐसा विषय है जो तीनों संकाय में आता है और इसमें रोजगार भी सबसे अधिक है। अर्थशास्त्र ऑनर्स से ग्रेजुएशन एम ए व पीएचडी करने के उपरांत टीचिंग, बैंकिंग, कॉरपोरेट सेक्टर, फाइनेंशियल, इकोनॉमिस्ट, सांख्यिकी अधिकारी, रिसर्च, डेटा एनालेटिक्स, करियर काउंसलिंग और सेल्स में रोजगार के सबसे अधिक अवसर मिलते हैं। डॉक्टर धर्मपाल ने कहा कि अर्थशास्त्र समाज के सीमित संसाधनों को दक्षता पूर्ण तरीकों से उपयोग करने की अनेक प्रणालियों का अध्ययन है। इसका कार्य क्षेत्र एक छोटी कंपनी से लेकर देश की अर्थव्यवस्था जैसी बहुआयामी भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र द्वारा इंडियन इकोनॉमिक सर्विस में कार्यरत हो सकते हैं। इसमें प्रयुक्त छात्रों के चयन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की जाती है। सफल छात्रों को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इकोनामिक ग्रोथ दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके बाद पहली नियुक्ति सहायक निदेशक के रूप में मिलती है। अर्थशास्त्र विषय में एम ए करके और यूजीसी का पेपर पास करने के बाद महाविद्यालय में लेक्चरार भी बन सकते हैं। प्रस्तुत कार्यक्रम अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर डॉक्टर इना और प्लेसमेंट सेल की प्रभारी प्रोफेसर सुनीता चौहान, प्रोफेसर डॉ राजीव के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया था। |
| 6. | 30.10.23 | EXTENSION LECTURE ON "JOB PROSPECTS AND CAREER OPPORTUNITIES IN HINDI" | DR. SANGAM VERMA, DEPARTMENT OF HINDI, GOVT. COLLEGE FOR GIRLS SEC 42 CHANDIGARH. | 125 | <br>जागृति लहर<br>निर्भीक एवं निष्पक्ष<br>JAGRATI LAHAR<br>शहीद बाबू लाभ सिंह एवं शहीद नरिंदर नाथ खन्ना को समर्पित समाचार पत्र<br>मुख्य संपादक : गौतम जालंधरी www.jagratilahar.com Email : jagratilahar@gmail.com RNI No. PUNBIL/2014/59855<br>youtube/c/jagratilehar www.facebook.com/jagratilehar 81462-00161, 98154-82954<br>**हिंदी में रोज़गार की संभावनाएँ और चुनौतियाँ पर व्याख्यान आयोजित**<br>चंडीगढ़, 30 अक्टूबर (जागृति लहर ब्यूरो)। राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या श्रीमती कामना के कुशल नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल की ओर से हिंदी भाषा में रोजगार के अवसर और संभावनाएं विषय पर व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉक्टर संगम वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हिंदी भाषा के बढ़ते चलन के कारण और वैश्विक रूप में रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। विविध क्षेत्रों में हिंदी के बढ़ते योगदान के कारण इसे नई दृष्टि से देखा जा रहा है। सभी सरकारी अधिकारियों को दफ्तरों में अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी का उपयोग अनिवार्य बताया गया है। आदेश, नियम, अधिसूचना, प्रतिवेदन, प्रेस विज्ञप्ति, निविदा, अनुबंध व विभिन्न प्रारूपण को हिंदी में बनाना और जारी करना अनिवार्य है। सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में हिंदी अधिकारी की नियुक्ति होती है। इसके अलावा अनुवाद आज सबसे बड़ा रोजगार बनता जा रहा है। न केवल साहित्यिक किताबें बल्कि मीडिया, फिल्म, जनसंपर्क, बैंकिंग क्षेत्र, विज्ञापन आदि सभी जगह पर अनुवाद करने वालों की काफी मांग है। टीवी पर तमाम चैनलों के मूल अंग्रेजी कार्यक्रम हम रोज हिंदी में लिखते हैं। विज्ञापन आज के मानवीय जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ने विज्ञापन के व्यवसाय में एक प्रकार की क्रांति पैदा कर दी है। विज्ञापन बाजार पर हिंदी का ही कब्जा है। आज भारतीय विज्ञापन उद्योग ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी एक अलग पहचान बना ली है। हिंदी का अध्ययन करने वाले छात्रों के बीच पत्रकारिता रोजगार के एक आकर्षक विकल्प के रूप में सामने आया है। सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले समाचार पत्र और सबसे ज्यादा देखे जाने वाले समाचार चैनलों में दो तिहाई से अधिक हिंदी भाषा के ही हैं। समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, समाचार चैनलों आदि में रोजगार के अनेक अवसर हैं। फील्ड में रिपोर्टर, प्रेस, फोटोग्राफर, संपादकीय विभाग में उप संपादक, कॉपीराइटर, उद्घोषक के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा रेडियो जॉकी एक ड्रामा अकाउंट ऐसा कैरियर है जिसमें हमारी आवाज देश दुनिया में सुनी जाती है। हिंदी में एम.ए. करने के बाद हम महाविद्यालय में लेक्चरार भी बन सकते हैं। प्रस्तुत कार्यक्रम हिंदी विभाग की अध्यक्षा प्रोफेसर डॉ बिंदु, प्रोफेसर डॉ नीरू शर्मा, प्रोफेसर डॉ कविता, प्रोफेसर डॉ गीता, प्रोफेसर डॉ रमाकांत और प्लेसमेंट सेल की प्रोफेसर सुनीता चौहान के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. | 15.1.24<br>TO<br>16.1.24 | TWO DAYS WORKSHOP ON PERSONALITY DEVELOPMENT AND INTERVIEWING SKILLS | MRS. BENU RAO, DIRECTOR BENU RAO ACADEMY, SEC 11 PANCHKULA | 150 | आप पढ़ रहे है विश्वसनीय डिजिटल समाचार पत्र।<br>दैनिक सन्ध्या अखबार डिजिटल संस्करण<br>HST हरियाणा सन्ध्या टाइम्स HARYANA SANDHYA TIMES<br>आपका शहर आपकी ख़बर<br>कालका से दैनिक सन्ध्या, D - Edition, Registered By GOVT. OF INDIA UDYAM-HR-13-0016452<br>पंचकूला<br>**राजकीय महाविद्यालय कालका में व्यक्तित्व विकास एवं साक्षात्कार कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन**<br>**व्यक्ति के विकास में संस्कार का अहम रोल - प्राचार्या प्रोमिला मलिक**<br>**सफल होने के लिए आत्मविश्वास बहुत जरूरी - श्रीमती बेनुराव**<br>चन्दरकान्त शर्मा हरियाणा सन्ध्या टाइम्स, कालका<br><br>राजकीय महाविद्यालय कालका की प्राचार्या प्रोमिला मलिक के कुशल नेतृत्व में व्यक्तित्व विकास एवं साक्षात्कार कौशल पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।<br>प्राचार्या प्रोमिला मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन करने का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को परिष्कृत और सुसंस्कृत करना है। उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में संस्कार का बड़ा योगदान होता है। संस्कारहीन होने पर, लोग सुंदर व्यक्ति से भी दूरी बना लेते हैं। हर व्यक्ति की सोच की झलक उसकी पर्सनालिटी में दिखती है। इसलिए हमेशा अच्छा सोचो और अच्छा करो।<br>इस दो दिवसीय कार्यशाला में मुख्यवक्ता प्रसिद्ध शिक्षा विद व समाज सुधारक बेनु राव रही। प्रेरक वक्त श्रीमती बेनुराव ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास, अंग्रेजी भाषा, कम्युनिकेशन स्किल्स और पर्सनालिटी डेवलपमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में सफलता पाने का एकमात्र उपाय आत्मविश्वास है चाहे हम कोई भी व्यवसाय चुने हमारे अंदर आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। महान व्यक्तित्व अच्छे कम्युनिकेशन स्किल से बनता है और प्रभावी व्यवहार आत्मविश्वास से आता है। साक्षात्कार में जाते समय युवा वर्ग में साक्षात्कार कौशल का होना बहुत जरूरी है। साक्षात्कार के दौरान दूसरों की बात को ध्यान से सुने और समझे। किसी भी बात को आत्मविश्वास के साथ कहें और आई कॉन्टेक्ट रखें। अपनी बॉडी लैंग्वेज पर भी ध्यान दें। इंटरव्यू के दौरान किसी भी प्रश्न को ध्यान से सुने यह साक्षात्कार के दौरान तालमेल और समझ स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इंटरव्यू में समय से पहले पहुंचने का प्रयास करें। अपने बारे में साकारात्मक बातों को बताएं जो सामने बैठे व्यक्ति को प्रभावित करें। इंटरव्यू में सही ड्रेस का चुनाव करें। चेहरे पर मुस्कुराहट होनी चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। अपने उत्तर संक्षिप्त और सटीक दें। एक अच्छे व्यक्तित्व के लिए साक्षात्कार कौशल की आवश्यकता होती है। संप्रेषण एक ऐसा माध्यम है जिसमें एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति तक अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करता है। भावनाओं की अभिव्यक्ति, भावनाओं को दूसरे तक पहुंचाना भी एक कला है। व्यक्तित्व विकास कौशल के अंतर्गत संचार कौशल, समस्या को सुलझाना, खुद पर भरोसा रखना, सुनने का कौशल, पारस्परिक कौशल, अनुकूलन क्षमता, कार्य नीति, नेतृत्व जैसे गुण होने चाहिए। दो दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत विद्यार्थियों ने कई जिज्ञासा पूर्ण प्रश्न भी पूछे जिनका उत्तर तत्परता के साथ दिया गया। श्रीमती बेनुराव ने प्रभावशाली रिज्यूम लिखना भी विद्यार्थियों को सिखाया। दो दिवसीय कार्यशाला बहुत सफल रही और विद्यार्थियों ने इसमें बहुत कुछ सीखा।<br>प्रस्तुत कार्यक्रम का आयोजन प्लेसमेंट सेल की प्रभारी प्रोफेसर सुनीता चैहान, प्रोफेसर डॉ बिंदु, प्रोफेसर डॉ गीतांजलि, प्रोफेसर डॉ राजीव कुमार, प्रोफेसर डॉक्टर इंदु, प्रोफेसर डॉक्टर नवनीत नैंसी, प्रोफेसर डॉक्टर गुरप्रीत, प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप, प्रोफेसर सोनिया जस्सल के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में किया गया। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | 2-2-24 | JOB FAIR AT GOVT. PG COLLEGE SEC 1 PANCHKULA | | 76 | |  |

**CONVENER**

**PLACEMENT CELL**

**PRINCIPAL**

**SMT. A.A.A GOVT. P.G COLLEGE KALKA**